पारंपरिक वेशभूषा और डांडिया रास से सजी महावीर इंटरनेशनल की डांडिया नाइट्स, विजेताओं को मिले पुरस्कार

मंदसौर। महावीर इंटरनेशनल मंदसौर द्वारा लॉयन डैन में भव्य 'डांडिया नाइट 2026' का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस गरिमामय सांस्कृतिक आयोजन में संस्था के वीर-वीरांगनाओं और उनके परिवारजनों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर पारंपरिक गरबा और डांडिया रास का जमकर आनंद लिया। कार्यक्रम के दौरान फ्रीस्टाइल डांडिया रास के साथ-साथ पारिवारिक सौहार्द, मधुर संगीत और रंग-बिरंगी पारंपरिक वेशभूषा का अद्भुत और आकर्षक संगम देखने को मिला। पूरे आयोजन में बेस्ट ड्रेसअप कपल, बेस्ट कपल, महिला गरबा परफॉर्मेंस तथा बच्चों की गरबा प्रतियोगिता विशेष आकर्षण का केंद्र बनी रही, जिसमें सभी प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इन सभी प्रतियोगिताओं में निर्णायक की महत्वपूर्ण भूमिका सीए दिनेश मूणत एवं प्रीति मूणत ने निभाई। प्रतियोगिताओं के घोषित परिणामों में बेस्ट ड्रेस अप कपल का पुरस्कार आयुष एवं प्रज्ञी जैन को तथा बेस्ट कपल का पुरस्कार अमन एवं शुभी गर्ग को प्रदान किया गया। महिला गरबा प्रतियोगिता में रुचि दिलीप गर्ग ने प्रथम, स्वीटी यश चौधरी ने द्वितीय और सोनल राहुल बाबेले ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं बच्चों की गरबा प्रतियोगिता में सानवी कुदार ने प्रथम, सानवी चौधरी ने द्वितीय तथा श्रीशल पोरवाल ने तृतीय पुरस्कार अपने नाम किया। इस सफल कार्यक्रम का संचालन संस्था के सचिव ऋषभ फांफरिया एवं महासचिव योगेश भट्ट ने संयुक्त रूप से किया। उपस्थित सदस्यों ने पूरे आयोजन को सुव्यवस्थित और यादगार बनाने के लिए संस्था अध्यक्ष अरविंद कुदार एवं उनकी पूरी टीम के आभार प्रयासों की जमकर सराहना की।

प्रोग्रेसिव पेंशनर्स संघ तहसील शाखा मनावर की बैठक संपन्न



मनावर। मप्र द्वारा पेंशनर विशेष बैठक दिनांक 3 -11 26 सोमवार समय दोपहर 11:00 स्थान सिंघाना रोड स्थित बंकनाथ मंदिर के बाड़े में नर्मदा मंदिर मनावर जिला धार मप्र में आयोजित की गई। बैठक में अध्यक्ष -श्री भाना लाल सोलंकी ने पेंशनर्स के हितों के सम्बन्ध में यूनियन को और भी सशक्त बनाने पर और पेंशनरों के लिए भविष्य में आने वाली पेंशन संबंधी कठिनाइयों को दूर करने के लिए संकल्पित हो कर अपनी बात रखी । ,सचिव - हरिराम पाटीदार एवं सहयोगियों द्वारा पेंशनरों से संबंधी विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई साथ ही विस्तृत जानकारी भी दी गईसाथ ही सहयोग देने हेतु अपना पक्ष रखा ।जैसे अपना जीवित होने का प्रमाण पत्र बैठक में फॉर्म जमा करने हेतु विस्तृत चर्चा सचिव हरिराम पाटीदार द्वारा दी गई । वार्षिक सदस्यता शुल्क। के संबंध में राशि जमा करने बाब्डी निवेदन किया गया ताकि संगठन मजबूत बने । पेंशनरों के पेंशन खाते से कटने वाली राशि टीडीएस के संबंध में चर्चा।30 जून 2023 तक रिटायर हुए पेंशनरों को 35 वर्षीय समय वेतनमान क्रमोन्नति के संबंध में चर्चा की। जो पेंशनर 1 जुलाई 23 से पूर्व रिटायर हुए अपने साथ प्रथम नियुक्ति आदेश। प्रथम क्रमोन्नति आदेश। द्वितीय क्रमोन्नति आदेश।30 वर्षीय क्रमोन्नति आदेश।सेवानिवृत्ति आदेश।कुकृह, की आदेश की कॉपी कुल 6 प्रकार के डॉक्यूमेंट लाने हेतु कहा गया है ताकि कोर्ट में याचिका तैयार कर सके इस संबंध में विस्तार पूर्वक चर्चा की पेंशनर्स अपना जीवित होने का प्रमाण पत्र हेतु फॉर्म स्वयं जाकर भी संबंधित बैंक में जमा करवा सकते है।साथ ही प्रोग्रेसिव पेंशनर्स की वार्षिक सदस्यता शुल्क वर्ष 2026 -2021 सदस्यता हेतु जमा की गई ।धार पेंशनर्स- डे पर दिनांक 20, 12.2026 को जाने हेतु सहमति तथा 80 वर्ष पूर्ण करने वाले पेंशनरों का सम्मान करने संबंधी बिंदुओं पर चर्चा की गई ।प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील शाखा मनावर की बैठक में पेंशनर एसोसिएशन जिसमें संरक्षक छोगालाल राठौर , अध्यक्ष श्री भाना लाल सोलंकी, सचिव, हरिराम पाटीदार कोषाध्यक्ष दत्तात्रेय शर्मा मीडिया प्रभारी श्री संजय कुमार वर्मा एवं अन्य पदाधिकारियों के संग बैठक में विभिन्न विभागों के पुरुष एवं महिला पेंशनर्स कर्मचारी साथियों ने सहभागिता कर बैठक संपन्न हुई। यह जानकारी मीडिया प्रभारी संजय कुमार वर्मा द्वारा दी गई।

'शहर के पटाखा व्यापारियों की एसडीएम कार्यालय से लाइसेंस की प्रक्रिया हुई पूर्ण



झाबुआ। दीपावली पर्व को लेकर शहर के पटाखा व्यापारियों द्वारा उत्कृष्ट विद्यालय मैदान पर दुकानें लगाई जाएगी। पटाखा व्यापारियों के लाइसेंस की प्रक्रिया एसडीएम कार्यालय में पूर्ण हो चुकी है। संभवतः 4 नवंबरए बुधवार को नगरपालिका कार्यालय में गोटी सिस्टम के माध्यम से दुकानों के क्रम का निर्धारण होगा। उल्लेखनीय है कि शहर के करीब 30 पटाखा व्यापारियों द्वारा पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी दीपावली को लेकर उत्कृष्ट विद्यालय मैदान पर पटाखों की दुकानें लगाई जाएगी। पटाखा व्यापारियों के लाइसेंस की प्रक्रिया ऑनलाइन एसडीएम कार्यालय में होने के साथ पुलिस थाना एवं नगरपालिका से एनओसी प्रमाण.पत्र प्राप्त होने के बाद अब नगरपालिका कार्यालय से लाटरी सिस्टम की प्रक्रिया शेष रह गई है। संभवतः 4 नवंबर को गोटी सिस्टम की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद पटाखा व्यवसाईयों द्वारा उत्कृष्ट मैदान पर दुकानें लगाना आरंभ कर दी जाएगी।

ऑपरेशन प्रहार के तहत बड़ी मात्रा में गांजा बरामद



नगीन सोनी खलघाट। ऑपरेशन 'प्रहार' के तहत थाना धरमपुरी पुलिस की बड़ी कार्रवाई, तीन प्रकरण पंजीबध्द कर कपास के खेत से गांजे के 225 हरे गांजे के पौधे जप्त 389.29 किलोग्राम गांजे के पौधे बरामद, अनुमानित कीमत 46,71,480/- रुपये ग्राम सुरगणी व सोलियापुरा में कपास की फसल के बीच की जा रही थी गांजे की अवैध खेती आरोपी फरार, तलाश जारी; एनडीपीएस एक्ट के तहत तीनप्रकरण दर्ज। उल्लेखनीय कार्रवाई - 'नशा मुक्त भारत' अभियान के संकल्प को साकार करने एवं अवैध मादक पदार्थों की खेती और कारोबार पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक धार श्री सचिन शर्मा के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धार श्री विजय डावर एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) मनावर श्री प्रदीप वाल्टर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी धरमपुरी निरीक्षक श्री सरदारसिंह सोलंकी के नेतृत्व में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस थाना धरमपुरी की टीम ने ग्राम सुरगणी एवं सोलियापुरा में स्थित खेत में दबिश देकर कपास के पौधों के बीच अवैध रूप से उगाए जा रहे गांजे के 225 हरे पौधे, जिनका कुल वजन 389.29 किलोग्राम है, जप्त किए। जप्त पौधों की अनुमानित बाजार कीमत करीब ?46.71480/- रुपये रुपये बताई गई है।

घटना का संक्षिप्त विवरण - थाना धरमपुरी क्षेत्र एवं आसपास के इलाकों में खेतों में अवैध रूप से गांजे की खेती किए जाने संबंधी सूचनाएं प्राप्त हो रही थीं। इन सूचनाओं पर कार्रवाई के लिए विशेष टीम गठित कर जानकारी एकत्रित की जा रही थी। दिनांक 02.11.2026 को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम सुरगणी व सोलियापुरा में भूमि स्वामी कालु पिता गुलाब व पप्पु पिता फुलसिंह एवं मोहन पिता नवलसिंह के खेत में कपास व तुवर की फसल के बीच गांजे के पौधे अवैध रूप से लगाए गए हैं। सूचना की तस्दीक के बाद अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) मनावर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी धरमपुरी द्वारा पुलिस द्वारा तीन टीम गठित कर बताए गए खेत में सर्चिंग की गई। सर्चिंग के दौरान खेत से गांजे के 225 हरे पौधे, कुल वजन 389.29 किलोग्राम, अनुमानित कीमत ?46.71480/- रुपये, बरामद हुए। पुलिस द्वारा पौधों को विधिवत जप्त किया गया।

पुलिस कार्रवाई -उक्त कार्रवाई के संबंध में थाना धरमपुरी में अपराध क्रमांक 373/2026, 374/2026, 375/2026 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। खेत का कथित मालिक भूमि स्वामी आरोपीगण कालु पिता गुलाब व पप्पु पिता फुलसिंह एवं मोहन पिता नवलसिंह वर्तमान में फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है।

जप्त मादक पदार्थ - गांजे के हरे पौधे - 225 नग, कुल वजन - 389.29 किलोग्राम, अनुमानित बाजार मूल्य - ?46.71480/- रुपये ,अपराध क्रमांक - 373/2026 ,374/2026, 375/2026,धारा - 8/20 एनडीपीएस एक्ट।

सराहनीय भूमिका -उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी धरमपुरी निरीक्षक सरदारसिंह सोलंकी, उनि रवि वास्के ,उनि कमल देवाने, सउनि दिनेश सिसोदिया, सउनि मानसिंह मोरे, प्रआर 274 इंदरसिंह मकवाना, प्रआर 301 महेश पवार, प्रआर 460 नरेन्द्र सोलंकी, प्रआर 440 वेस्ता सोलिया मप्रआर 236 सीमा तरोले, आर 886 अजय तवर, आर 479 लक्ष्मण जमरा, आर 466 संजेश चौहान मआर 1047 सावित्री एवं साइबर सेल धार की महत्वपूर्ण भूमिका रही। धार पुलिस – नशे के अवैध कारोबार के विरुद्ध सख्त कार्रवाई एवं नशा मुक्त समाज के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध।

खण्डवा पुलिस की अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई

खण्डवा। पुलिस द्वारा जिले में अवैध मादक पदार्थों की खेती, बिक्री एवं तस्करी के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में थाना जावर पुलिस द्वारा दिनांक 02.11.2026 को मुखबिर से प्राप्त अलग-अलग सूचनाओं पर ग्राम डेबरी फाल्या कैसून में दो स्थानों पर कार्रवाई करते हुए खेतों में कपास एवं तुअर की फसल के बीच अवैध रूप से लगाए गए गांजे के कुल 221 पौधे जप्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

पहली कार्रवाई – 110 गांजे के पौधे जप्त- मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम डेबरी फाल्या कैसून निवासी दरियावसिंह पिता सवर्ण निंगवाल उम्र 48 वर्ष ने अपने घर के पास स्थित खेत में कपास एवं तुअर की फसल के बीच गांजे के पौधे लगा रखे हैं। सूचना पर थाना जावर पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर विधिवत कार्रवाई की गई। आरोपी के खेत से गांजे के 110 पौधे जप्त किए गए, जिनका कुल वजन 195.361 किलोग्राम एवं अनुमानित कीमत ?1954000/- है। आरोपी दरियावसिंह को गिरफ्तार किया गया।

दूसरी कार्रवाई – 111 गांजे के पौधे जप्त– इसी प्रकार दूसरी मुखबिर सूचना पर ग्राम डेबरी फाल्या कैसून निवासी भूरु उर्फ राजेश पिता सागर भीलाला उम्र 40 वर्ष के खेत में दबिश दी गई। आरोपी द्वारा कपास एवं तुअर की फसल के बीच गांजे के पौधे लगाए गए थे। पुलिस टीम ने मौके से गांजे के 111 पौधे जप्त किए, जिनका कुल वजन 1 क्विंटल 700 ग्राम एवं अनुमानित कीमत ?1,00,700/- है।

कुल जप्ती का विवरण– कुल गिरफ्तार आरोपी - 02, कुल जप्त गांजे के पौधे - 221, कुल वजन - 295.700 किलोग्राम, कुल अनुमानित कीमत - 2957000 रुपए।

सराहनीय भूमिका– उक्त दोनों कार्रवाइयों में थाना प्रभारी जावर निरीक्षक सुलोचना गहलोद, उपनिरीक्षक राजेन्द्र राठौड़, सउनि रंजीत सिंह राजपूत ,प्रधान आर मुन्ना बर्डे, प्रकाश, आर सुरेश चौहान थाना टीम का योगदान रहा ।

दीपावली पर्व को लेकर सजा बाजार, दुकानों पर विभिन्न लुभावने ऑफर एवं स्कीम ग्राहकों को कर रहे आकर्षित

झाबुआ। दीपावली पर्व 8 नवंबरए रविवार को है। पर्व को लेकर झाबुआ का बाजार सजा हुआ है। इस दौरान दुकानों पर दीपावली को लेकर विभिन्न ऑफ्र एवं स्कीम ग्राहकों को अपनी ओर आकर्षित कर रहे है। बाजार



में पर्व को लेकर लोगों द्वारा जमकर खरीदारी की जा रहीं है। राजरतन एक्सक्लूसिव के संदीप जैन राजरतन ने बताया कि उनकी शाप पर डबल स्कीम ऑफ्र चल रहा है। जिसमें एक समान की खरीदी पर दूसरा सामान फ्री ऑफ्र दिया जा रहा है। पुष्पक ज्वेलर्स के कमलेश सोनी ने बताया कि उनकी ज्वेलर्स शॉप पर 50 हजार रुपए से अधिक के? आभूषणों की खरीदी पर लक्की ड्रॉ कूपन ग्राहकों को प्रदान किया जा रहा है। लक्की ड्रॉ में एक्टिवाए लैपटॉपए एलईडीए ब्लूटूथ और अन्य के आकर्षक उपहार रखे गए है। इन लुभावने उपहारों के चलते लोग आभूषणों की जमकर खरीदी कर रहे है। बाजार में दीपावली पर्व को लेकर रंगोली के रंगोए दीपकोंए आभूषणोंए कपड़ोंए बुंगार सामग्रीयो सहित अन्य दुकानें सजी हुई है।ए जहां दिनभर खरीददारी का दौर चल रहा है।

गांधीजी से प्रेरित होकर स्वतंत्रता आंदोलन में कूदे थे पं. भगवंत राव मंडलोई : विधायक तन्वे



खंडवा। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री पद्मभूषण स्वर्गीय पंडित भगवंत राव मंडलोई की पुण्यतिथि पर मंगलवार को घंटाघर स्थित उनकी प्रतिमा स्थल पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और मंडलोई परिवार के सदस्यों ने पुष्पांजलि अर्पित कर उनके व्यक्तित्व, स्वतंत्रता संग्राम में योगदान और विकास कार्यों को याद किया।

विधायक कंचन मुकेश तन्वे ने कहा कि खंडवा के लिए गौरव की बात है कि पंडित भगवंत राव मंडलोई का जन्म इस धरती पर हुआ। महात्मा गांधी से प्रेरित होकर उन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लिया और देश की आजादी के लिए योगदान दिया। उनका त्याग, समर्पण और जनसेवा का जीवन आज भी प्रेरणास्रोत है। महापौर अमृता अमर यादव ने कहा कि काका साहब ने अपने मुख्यमंत्री कार्यकाल में दूरदर्शी सोच के साथ खंडवा सहित प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर शहर के विकास के लिए सकारात्मक पहल करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। मंडलोई फाउंडेशन एवं परिवार की ओर से अमिताभ मंडलोई ने कहा कि काका साहब की सोच व्यापक थी। वे सभी को साथ लेकर चलने में विश्वास रखते थे और खंडवा व प्रदेश को विकास की दिशा में आगे ले जाने के लिए हमेशा संकल्पित रहे। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सेवादास पटेल ने मंडलोई परिवार के साथ अपने परिवार के आत्मीय संबंधों को याद करते हुए उनके सामाजिक सरोकारों और व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम संयोजक डॉ. मुनीष मिश्रा ने कहा कि पंडित मंडलोई ने भगवंत सागर बांध, जिला अस्पताल और कृषि महाविद्यालय जैसी महत्वपूर्ण सौगातें देकर खंडवा के विकास में अग्रणी भूमिका निभाई। इस अवसर पर शांतनु दीक्षित, अजय तिवारी और देवेंद्र जैन ने भी अपने विचार व्यक्त किए और उनसे जुड़े संस्मरण साझा किए। ये रहे उपस्थितः कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष हरीश कोटवाले, नारायण बाहेती, मनोज जोशी, मुकेश दवे, अनिल बाहेती, सुनील जैन, प्रेमांशु जैन, अजीज मदनी, विशाल जैन, विकास व्यास सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। मंडलोई परिवार की ओर से दीपक जोशी, पार्षद मनोज मंडलोई, लव जोशी, श्रेयांश जोशी सहित परिजन उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन संदीप जोशी ने किया तथा आभार दीपक राठौर (मल्लू) ने माना। समिति के प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य नई पीढ़ी को काका साहब के स्वतंत्रता संग्राम, विकास और जनसेवा के योगदान से परिचित कराना था।

पहले असली सोने के मोती देकर जीता भरोसा, फिर किसान के लाखों के जेवर ठगकर थमाए नकली मोती और हार

नागदा जं. निप्र। सोने-चांदी के आभूषणों की ठगी करने वाले गिरोह का नागदा पुलिस ने पर्दाफाश करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने पहले असली सोने के दो मोती देकर किसान का विश्वास जीता और फिर खुदाई में करीब एक किलो सोने के मोती एवं हार मिलने का झांसा देकर उसके घर के सोने-चांदी के लाखों रुपये के आभूषण ठग लिए। बदले में किसान को नकली मोती और हार थमा दिए। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से करीब 500 ग्राम वजन की सोने जैसी धातु के मोतियों की माला और लगभग एक किलो वजन का चांदी जैसा कमरबंध बरामद किया है।

पुलिस अधीक्षक प्रदीप कुमार शर्मा के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) कारणदीप सिंह एवं नगर पुलिस अधीक्षक कमल निगवाल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक अमृतलाल गवरी के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई।

ऐसे दिया ठगी की वारदात को अंजाम-पुलिस के अनुसार फरियादी किशन सिंह गुर्जर (58), निवासी ग्राम चंदोड़िया, थाना खाचरौद के नागदा थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि एक व्यक्ति ने मोबाइल पर संपर्क कर अपना नाम राहुल प्रजापत बताया और स्वयं को उज्जैन-जावरा



चारमार्ग पर काम करने वाला बताया। उसने फरियादी को बताया कि राजस्थान के चित्तौड़गढ़ में खुदाई के दौरान उसे सोने का हार और बड़ी मात्रा में सोने के मोती मिले हैं। आरोपी ने किसान का विश्वास जीतने के लिए पहले उसे सोने के दो असली मोती दिए। सुनार से जांच करवाने पर वे असली पाए गए। इससे फरियादी को आरोपी की बातों पर भरोसा हो गया। इसके बाद आरोपी ने करीब एक किलो सोने के मोती और हार होने का लालच देकर फरियादी से उसके घर के सोने-चांदी के आभूषण ले लिए तथा बदले में नकली सोने के मोती और हार थमा दिए। कुछ समय बाद जब फरियादी आभूषण बेचने के लिए सुनार के पास पहुंचा तो जांच में मोती और हार नकली निकले। इसके बाद आरोपी का मोबाइल बंद मिला और वह फरार हो गया। फरियादी की शिकायत पर थाना नागदा में अपराध क्रमांक 597/26, भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4) के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू की गई।

ये आभूषण और नकदी लेकर हुए थे फरार– फरियादी से ठगी कर आरोपी दो चांदी के कमरबंध जिनका वजन लगभग दो किलोग्राम, एक जोड़ी चांदी की कड़ी लगभग एक किलोग्राम, चांदी के आंवले लगभग 500 ग्राम, सोने की मुर्की लगभग 20 ग्राम तथा पांच हजार रुपये नकद ले गए थे।

लैंक्सेस और बीपीसीएल के बीच उन्नत औद्योगिक लुब्रिकेंट तकनीक के लिए साझेदारी

नागदा जं. निप्र। स्पेशियलिटी केमिकल्स क्षेत्र की प्रमुख कंपनी लैंक्सेस और देश की अग्रणी एकीकृत ऊर्जा कंपनी भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड बीपीसीएल ने उन्नत औद्योगिक लुब्रिकेंट तकनीक और स्पेशियलिटी फ्लुइड समाधानों के विकास के लिए समझौता ज्ञापन एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। इस साझेदारी का उद्देश्य भारतीय औद्योगिक बाजार की बदलती जरूरतों के अनुरूप उच्च प्रदर्शन वाले लुब्रिकेंट उत्पादों का विकास, तकनीकी सहयोग, स्थानीयकरण और व्यावसायीकरण करना है। लैंक्सेस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और बीपीसीएल के बीच हुआ यह समझौता दोनों कंपनियों को तकनीकी एवं व्यावसायिक सहयोग के लिए एक गैर-विशिष्ट नॉन-एक्सक्लूसिव ढांचा प्रदान करेगा। इसके माध्यम से संयुक्त अनुसंधान, उत्पाद विकास, ओईएम मूल उपकरण निर्माता अपूर्वल और औद्योगिक ग्राहकों के लिए उन्नत समाधान तैयार करने की संभावनाओं पर काम किया जाएगा। लैंक्सेस के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट एवं बिजनेस यूनिट लुब्रिकेंट एडिटिव्स के श्लोबल हेड नीलांजन बनर्जी ने कहा कि यह समझौता दोनों कंपनियों के बीच सहयोग को नई दिशा देगा।

36 एमपी बटालियन एनसीसी द्वारा खंडवा में 'संकल्प वृक्ष' और 'टीबी मुक्त भारत अभियान' का संयुक्त शुभारंभ



खंडवा।पर्यावरण संरक्षण, हरियाली को बढ़ावा देने और जन-स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से खंडवा में 36 एमपी बटालियन एनसीसी द्वारा बटालियन परिसर में एक भव्य एवं प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भोपाल में 1 नवंबर को हुए मुख्य आयोजन की कड़ी को आगे बढ़ाते हुए, खंडवा में मध्य प्रदेश शासन के पर्यावरण हितैषी 'संकल्प वृक्ष' अभियान, 'एक पेड़ माँ के नाम' महाअभियान और केंद्र सरकार के जन-स्वास्थ्य को समर्पित 'प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान' (PM TB Mukt Bharat Abhiyan) का संयुक्त रूप से शुभारंभ किया गया। इस विशेष अभियान के तहत पर्यावरण संरक्षण और स्वस्थ समाज का संदेश देते हुए लगभग 200 पौधों का रोपण किया गया। 36 एमपी बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल के. राजेश के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में एनसीसी के युवा कैडेट्स, सैन्य अधिकारियों और गणमान्य अतिथियों ने पूरी ऊर्जा और उत्साह के साथ हिस्सा लिया। कार्यक्रम में खंडवा लोकसभा सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल, खंडवा विधायक कंचन मुकेश तंवे और महापौर अमृता अमर यादव की गरिमामयी उपस्थिति रही। - सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल का संदेश ज्ञानेश्वर पाटिल ने एनसीसी कैडेट्स के साथ मिलकर बड़े उत्साह से पौधारोपण किया और इस अभियान में अपनी सक्रिय सहभागिता निभाई। सांसद श्री पाटिल ने बहुत ही आत्मीय अंदाज में अपनी माटी और क्षेत्र के युवाओं से जुड़ाव महसूस करते हुए कहा कि खंडवा की यह धरती हमेशा से हरियाली और संस्कृति की धनी रही है।